प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 24.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भारत के 53 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और जे.पी. नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

****

लातेहार जिले में स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के सौदर्यीकरण का कार्य जारी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज दुमका में झारखंड फ्लाईंग इंस्टीच्यूट का उदघाटन किया। इसके साथ ही उपराजधानी को उन्होंने करोड़ों रूपये की कई योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। इस फ्लाईंग इंस्टीच्यूट से अब युवा कॉमर्शियल पायलट की ट्रेनिंग लेकर हौसलों को नई उड़ान देंगे। इस इंस्टीच्यूट में फिलहाल तीन जिलीन एयरक्राफ्ट, तीन ग्लाईडर और स्टिमी एयरक्राफ्ट उपलब्ध हैं, जिनसे कॉमर्शियल फ्लाईंग की ट्रेनिंग दी जा सकेगी। यहां इसके लिए ग्यारह सौ बीस मीटर का रनवे भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं को सशक्त बनाने और विकास का संकल्प दोहराया।

****

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में अब अपराध छिपाने के लिए नया अपराध गढ़ना सरकार और सिस्टम की आदत बन चुकी है। धनबाद के अवैध कोयला कारोबार में ईडी की हालिया कार्रवाई ने कई चौंकाने वाले सबूत उजागर किए हैं। श्री मरांडी ने कहा कि स्पष्ट जानकारी मिल रही है कि ईडी जिन लोगों से पूछताछ कर रही है, उन्हीं की हत्या की साजिश रची जा रही है, ताकि सच बाहर न आ सके।

****

झामुमो के केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा है कि राज्य सरकार विकास और जन कल्याण को नया आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के विभिन्न आरोपों पर पलटवार करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि पारदर्शी, दूरदर्शी और कल्याणकारी हेमंत सरकार के आगे भाजपा पस्त है। सरकार को बदनाम और जनता को गुमराह करने के लिए भाजपा निराधार आरोप लगा रही है।

****

राज्य में इन दिनों आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सेवा का अधिकार सप्ताह मनाया जा रहा है। गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन और उपायुक्त रामनिवास यादव ने गिरिडीह प्रखंड के बेरदोंगा पंचायत में इसे लेकर आयोजित शिविर का उदघाटन किया। इस मौके पर श्रीमती मुर्मू ने पदाधिकारियों को शिविर में आने वाले लाभार्थियों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी तरीके से समाधान करने का निर्देश दिया।

****

निकाय चुनाव को लेकर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग को चुनाव प्रक्रिया की तैयारी को लेकर प्रस्ताव भेजा गया है, जिसे आयोग ने स्वीकार कर लिया है। सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग ने अदालत से चुनाव तैयारियों को लेकर आठ सप्ताह का समय मांगा ओर भरोसा दिलाया कि पैंतालीस दिन में तैयारी पूरी कर ली जाएगी। अब मामले की अगली सुनवाई तीस मार्च को होगी।

****

गिरिडीह जिले में गजराज का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हाथियों के झुंड ने जिले के बिरनी प्रखंड में जमकर उत्पात मचाया है। इस दौरान हाथियों ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला, जबकि अस्पताल में इलाजरत एक महिला की स्थिति गंभीर है।

****

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची वनडे समेत तीन एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। केएल राहुल कप्तान होंगे, वहीं रोहित शर्मा और विराट कोहली भी जेएससीए के मैदान में जलवा बिखेरेंगे। दोनों टीमें सताईस नवंबर को वनडे मैच के लिए रांची पहुंचेगी। रांची के अलावा रायपुर और विशाखापटन में भी वनडे मैच खेला जाएगा।

****